# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(दशम् सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 3 दिसम्बर, 2015/12 अग्रहायण, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 25**

----

### धन का दुरूपयोग

***2538 श्री पवन काजल (कांगड़ा)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि गत तीन वर्षों में खण्ड विकास कार्यालय कांगड़ा के अन्तर्गत मनरेगा में निम्न कार्य किए गएः-

(i) नालियों की सफाई;
(ii) सेप्टिक टैंक की सफाई;
(iii) कार्यालय में सुरक्षा दीवार;
(iv) कार्यालय के बाहर झाड़ियों की कटाई;
(v) गाड़ी की मरम्मत और उस पर डीजल की अदायगी;

(ख) यदि हां, तो क्या इन कार्यों को मनरेगा के अन्तर्गत किया जा सकता था; और करने से पहले क्या सेल्फ में डाल कर पारित किया गया;

(ग) इन कार्यों को करने के लिए क्या जॉब कार्ड होल्डर को दिया गया था; ब्यौरा दें; और

(घ) विभाग द्वारा क्या इन कार्यों पर 3,81,372/- रूपये की अदायगी की गई है; यदि हां तो, धनराशि का ब्यौरा कार्यवार दें?

----

## केन्द्र से धनराशि की प्राप्ति

***2539 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में प्रदेश सरकार को केन्द्र सरकार की ओर से विभिन्न मदों में कुल कितनी धनराशि प्राप्त हुई; ब्यौरा वर्षवार व योजनावार दें?

----

## नागरिक अस्पताल गोहर में रिक्तियां

***2540 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत Civil Hospital गोहर में डाक्टरों, Pharmacists, तकनीकी कर्मचारियों के कितने-कितने पद सृजित हैं; ब्यौरा दें;

(ख) इन में से कितने पद रिक्त हैं; और

(ग) सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है ?

----

## अग्निशमन केन्द्र की स्थापना

***2541 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने सरकाघाट में अग्निशमन केन्द्र स्थापित करने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो कब व इसे कब तक स्थापित कर दिया जायेगा ?

----

## Marketing Yard

***2542 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Marketing Yard is proposed at Dalang Village since

many years and proposal is also to use Hops Kiln at Karga, Shansa for package of apple and vegetables;

(b) if yes, what steps the department is taking for its early implementation; and

(c) whether the department has proposed increase in budget for Sprinkler, Power Triller and Subsidy in Pea seeds this year?

----

## पेयजल/विद्युत कनैक्शन काटना

*2543 **श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**
**श्री महेन्द्र सिंह(धर्मपुर) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रदेश में (7 नवम्बर, 2015 तक) सरकारी भूमि पर अतिक्रमणकर्ताओं के पेयजल/विद्युत के कुल कितने कनैक्शन काटे गए तथा किसके आदेश पर काटे गए; और

(ख) काटे गए कनैक्शनों का ब्यौरा जिला व उप-मण्डलवार दें ?

----

## ड्राइवरों/कण्डक्टरों की भर्ती

*2544 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
**श्री संजय रतन(ज्वालामुखी) :**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 7 नवम्बर, 2015 तक हिमाचल पथ परिवहन निगम में कितने ड्राइवरों,कण्डक्टरों व अन्य पदों की भर्ती कब-कब की गई तथा किस-किस डिपो में नियुक्त किए गए; ब्यौरा स्थाई व पत्राचार हेतु पते सहित डिपोश: दें; और

(ख) कुल्लू डिपो में एक भी ड्राइवर नियुक्त न करने का ब्यौरा कारण सहित दें ?

----

## ग्रीन टैक्स से आय

*2545 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत एक वर्ष में दिनांक 7.11.2015 तक पर्यटन विकास परिषद मनाली को ग्रीन टैक्स बैरियरों से कुल कितनी आय प्राप्त हुई; ब्यौरा दें;

(ख) किस-किस श्रेणी के वाहनों से कितनी-कितनी राशि वसूल की जाती है तथा इस राशि को किन-किन कार्यों पर खर्च किया जाता है; ब्यौरा दें; और

(ग) पर्यटन विकास परिषद मनाली के वर्तमान में कुल कितने प्रस्ताव ग्राम पंचायतों, नगर परिषद मनाली, सरकारी विभागों में लम्बित हैं और कितने कार्य अधूरे हैं; सूची सभा पटल पर रखें?

----

## मन्दिरों में चोरी

*2546 **श्री जय राम ठाकुर(सिराज़) :**
**श्री रणधीर शर्मा(श्री नैना देवीजी) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में प्रदेश में कुल कितने मन्दिरों में चोरी हुई; ब्यौरा जिलाशः दें; और

(ख) कितनों में जांच कर कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें ?

----

## Control Point का उद्घाटन

*2547 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि हाल ही में रोहड़ू मण्डल के अन्तर्गत 22 K.V. Control Point, Kansakoti का उद्घाटन हुआ है; यदि हां, तो इसके Tender कब तक किए जाने प्रस्तावित हैं और यह Project कितनी लागत से बनेगा; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में Kansakoti के अतिरिक्त कहां-कहां Control Point लगाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

## सड़कों/ पुलों/भवनों का रख-रखाव

*2548 **श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) दिनांक 1.1.2015 से 31.10.2015 तक सरकार द्वारा लोक निर्माण मण्डल बड़सर को सड़कों, पुलों, भवनों इत्यादि के रख-रखाव हेतु कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई गई; ब्यौरा तिथिवार दें;

(ख) दिनांक 31.10.2015 तक इस धनराशि में से कितना व्यय कहां-कहां किया गया; ब्यौरा व्यय की गई धनराशि का मद व सड़कवार दें;

(ग) दिनांक 1.1.2014 से 31.10.2015 तक वर्षा, बाढ़ व अन्य प्राकृतिक आपदाओं से इस मण्डल के अन्तर्गत किन-किन सड़कों को कितनी-कितनी धनराशि की क्षति हुई; ब्यौरा सड़कवार दें; और

(घ) सरकार ने इन सड़कों की मरम्मत (restoration work) हेतु इस मण्डल को कितनी धनराशि कब-कब प्रदान की; ब्यौरा व्यय की गई धनराशि का सड़कवार दें ?

----

## चण्डीगढ़ से बिलासपुर का टिकट

***2549 श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में चण्डीगढ़ से बिलासपुर आने वाले यात्रियों को बिलासपुर का टिकट नहीं दिया जाता है; और

(ख) यदि हां, तो टिकट जारी न करने के क्या कारण हैं और सरकार यह सुनिश्चित करवाएगी कि सभी यात्रियों को बिलासपुर तक का बस टिकट जारी किया जाए ?

----

## निजी वोल्वो बसें

***2550 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा प्रदेश में कितनी निजी वोल्वो बसें किराये पर लेकर चलाई जा रही हैं;

(ख) इन्हें किस दर पर अदायगी की जा रही है और यह किन रूटों पर चलाई जा रही हैं;

(ग) इन बसों को किराये पर लेने हेतु क्या निगम ने निविदायें आमंत्रित की थी; और

(घ) इनके साथ किये गये अनुबन्ध की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## सड़क से जोड़ना

***2551 श्री हंस राज(चुराह) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार चुराह विधान सभा क्षेत्र के नेरा क्षेत्र के इलाका तिस्सा 2, खजुआ, थल्ली,

मक्कन, चुचूल, आएल, सोहा, बनंतर कल्हेल से बंजली, करेरी, शिंड व जुंगराहर को कब तक सड़क के साथ जोड़ने का विचार रखती है; ब्यौरा पंचायतवार दें; और

(ख) चुराह की कितनी पंचायतें आज भी सड़कों से जुड़ी नहीं है; ब्यौरा पंचायतवार दें ?

----

## अवैध कटान के मामले

*2552 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत एक वर्ष में प्रदेश में अवैध कटान के कितने मामले सरकार के ध्यान में आए; और

(ख) सरकार द्वारा दिनांक 7.11.2015 तक इनमें संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा वन मण्डलवार दें?

----

## हैंडपम्पों की स्थापना

*2553 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) दिनांक 07.11.2015 को सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल सरकाघाट के अन्तर्गत सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने हैंडपम्प स्थापित किए गए;

(ख) इनमें से कितने हैंडपम्प कब-कब से खराब हैं; और

(ग) इनको कब तक ठीक कर दिया जायेगा?

----

## प्राध्यापकों की रिक्तियां

*2554 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत डिग्री कॉलेज बासा में प्राध्यापकों के कितने पद सृजित हैं तथा इनमें से कितने पद रिक्त हैं; विवरण दें; और

(ख) सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है ?

----

## Construction of Tourism Buildings

***2555 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Construction work of Tourism Building at Jispa, Cafe at Sissu & Othang Monestry, Tabo Monestry has not been completed since long;

(b) if yes, what steps the department is taking for its early completion; and

(c) whether the department is proposing to post a DTDO for Tourism Development in Lahaul & Spiti and promote winter sports and other activities for locals and tourists?

----

## ठेकेदारो/फर्मों से धनराशि की प्राप्ति

***2556 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्ममान में प्रदेश में कितने बस स्टैण्डों से जो राशि BSMDA को प्रति वर्ष प्राप्त होनी थी, वह ठेकेदारों/फर्मों से प्राप्त नहीं हो रही है; ब्यौरा बस स्टैण्डवार दें; और

(ख) प्रदेश सरकार द्वारा टुटीकण्डी, मैकलोडगंज, कांगड़ा बस स्टैण्ड को क्या-क्या रियायतें प्रदान की गई; ब्यौरा सभा पटल पर रखे?

----

## अनियमितताओं की अद्यतन स्थिति

***2557 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सब्जी मण्डी कुल्लू द्वारा निर्माण कार्य में विशेषकर समिति के अध्यक्ष के कार्यालय में की गई अनियमितताओं की छानबीन की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## अवैध कब्जों हेतु नीति

***2558 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार प्रदेश में अवैध कब्जों को नियमित करने के लिए नीति बना रही है; और

(ख) यदि हां, तो यह कब तक बन जाएगी ?

----

## पार्किंग का निर्माण

***2559 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 7.11.2015 तक सरकार द्वारा रोहडू नगर परिषद के लिए Parking निर्माण हेतु कितनी धनराशि प्रदान की गई तथा निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा; ब्यौरा दें ?

----

## मुख्य अध्यापकों/प्रधानाचार्यों की रिक्तियां

***2560 श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 7.11.2015 को प्रदेश में मुख्याध्यापकों व प्रधानाचार्यों के कितने-कितने पद रिक्त हैं तथा इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा;

(ख) प्रधानाचार्य के पद पर पदोन्नति हेतु मुख्याध्यापक व लैक्चरर का क्या अनुपात है;

(ग) दिनांक 1.1.2013 से 7.11.2015 तक प्रदेश में कब-कब प्रधानाचार्य के पद पर कितनी-कितनी पदोन्नति की गई; ब्यौरा दें; और

(घ) इस अवधि में कितने टी0जी0टी0 और कितने लैक्चरर को मुख्याध्यापक के पद पर पदोन्नत किया गया; ब्यौरा दें ?

----

## ठेकेदारों को कार्य का आबंटन

***2561 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 1.4.2015 से 31.10.2015 तक लोक निर्माण मण्डल घुमारवीं के अन्तर्गत विभिन्न सड़कों की मरम्मत/पैच वर्क का कार्य किन-किन ठेकेदारों को आबंटित किया गया; ब्यौरा ठेकेदारों का सड़कों में सम्मिलित धनराशि सहित दें; और

(ख) यह कार्य क्या निविदाएं आमंत्रित करके आबंटित किया गया; यदि नहीं, तो ब्यौरा सड़कवार कारण सहित दें?

----

## **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना**

***2562 श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्ष 2012 से दिनांक 07-11-2015 तक प्रदेश में कितनी नई P.H.C. खोली गई; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में FRU नहीं है; यदि हां, तो क्या सरकार आगामी वर्षों में Civil Hospital Tissa को FRU बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 21 नवम्बर, 2015.** **सचिव।**